**राजस्थान में उठाऊ सिंचाई व्यवस्था**

8774. **श्री ओंकार लाल बेरवा:** क्या **सिंचाई तथा विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान राजस्थान के असिंचित क्षेत्रों के लिए उठाऊ सिंचाई सुविधाओं की व्यवस्था करने की ओर दिलाया गया है; और

(ख) यदि हां, तो उक्त व्यवस्था कब किये जाने की सम्भावना है ।

**सिंचाई तथा विद्युत मंत्रालय में उपमंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद)** : (क) बृहत तथा मध्यम सिंचाई क्षेत्र में राजस्थान नहर से निकलने वाली लूनकरणसर उठाऊ नहर पर कार्य, लगभग 1.4 लाख एकड़ भूमि को वार्षिक सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए, पहले से ही शुरू कर दिया गया है ।

(ख) इस उठाऊ नहर के चौथी योजना के दौरान पर्याप्त रूप में पूर्ण हो जाने की संभावना है ।

**परमाणु बिजली घर, कोटा से बिजली सप्लाई**

8775. **श्री ओंकार लाल बेरवा** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार कोटा स्थित परमाणु बिजली घर से किसानों को तथा लोगों को सस्ती दरों पर बिजली सप्लाई करने का है;

(ख) यदि हां, तो बिजली किस दर पर सप्लाई किये जाने की संभावना है ;

(ग) क्या राज्य सरकार ने भी इस सम्बन्ध में मांग की है ; और

(घ) यदि हां, तो उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, वित्त मंत्री, अणु शक्ति मंत्री और योजना मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी):** (क) और (ख). राजस्थान परमाणु बिजली घर द्वारा उत्पादित बिजली राज्य के बिजली बोर्ड को सप्लाई की जायेगी । बोर्ड को सप्लाई की जाने वाली बिजली की दर अभी निश्चित नहीं की गई है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

GRANTS GIVEN TO MAHARASHTRA FOR IRRIGATION SCHEMES

8776. SHRI DEORAO PATIL: Will the Minister of IRRIGATION AND POWER be pleased to state:

(a) the amount given by the Central Government to Maharashtra Government during 1969-70 for each of the irrigation schemes;

(b) the amounts spent on each scheme and the amount left unutilised; and

(c) the additional area likely to be irrigated thereby and the total irrigated area in Maharashtra including Vidarbha.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF IRRIGATION AND POWER (SHRI SIDDHESHWAR PRASAD): (a) Central assistance during the Fourth Plan is given in the form of block loans and grants and is not related to any individual scheme or head of development. During 1969-70, the total Plan outlay for Maharashtra was fixed by the Planning Commission as Rs. 115 crores, out of which Rs. 43·8 crores is Central assistance.

(b) A statement showing the anticipated outlay during the year on approved irrigation projects is laid on the Table of the House. [*Placed in Library. See* No. LT-3424/70]

(c) The anticipated additional irrigation potential during the year was 1·14 lakh acres, bringing the total potential in the State, from major and medium irrigation projects, to 16·5 lakh acres.